विक्रम-1 स्टेज-2 का सफल परीक्षण

स्रोत: द हिंदू

स्काईरूट एयरोस्पेस, एक अग्रणी भारतीय अंतरिक्ष-तकनीकी कंपनी द्वारा भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (ISRO) के **प्रणोदन में विक्रम-1 अंतरिक्ष प्रक्षेपण यान के स्टेज-2 के सफल परीक्षण फायरिंग के साथ एक महत्त्वपूर्ण उपलब्धि** प्राप्त की जिसे **कलाम-250** के नाम से भी जाना जाता है, जिसको श्रीहरिकोटा, आंध्र प्रदेश में परीक्षण किया गया।

- चरण-2 प्रक्षेपण यान को वायुमंडलीय चरण से बाह्य अंतरिक्ष के गहरे निर्वात में स्थानांतरित करने, इसे सटीकता एवं दक्षता के साथ अपने **गंतव्य की ओर ले जाने में महत्त्वपूर्ण भूमिका** निभाता है।
- कलाम-250 ठोस ईंधन के साथ एक उच्च शक्ति वाले कार्बन मिश्रित रॉकेट मोटर के साथ ही एक उच्च प्रदर्शन वाले **एथिलीन-प्रोपलीन-डायन टेरपोलिमर (EPDM)** थर्मल प्रोटेक्शन सिस्टम (TPS) का उपयोग करता है। इसमें सटीक थ्रस्ट वेक्टर नियंत्रण के लिये **कार्बन एब्लेटिव फ्लेक्स नोजल** की भी सुविधा है।
- नवंबर 2022 में **विक्रम-S के सबऑर्बिटल अंतरिक्ष प्रक्षेपण के पश्चात् विक्रम-1 भारत का पहला निजी कक्षीय रॉकेट प्रक्षेपण** है। यह अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी के साथ-साथ अन्वेषण में भारत की बढ़ती क्षमताओं को प्रदर्शित करता है।

और पढ़ें... भारत का पहला निजी प्रक्षेपण यान

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/successful-test-firing-of-vikram-1-stage-2